हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, 30 जुलाई, 2025

तापमान
अधिकतम 35.7 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री

12 प्राकृतिक तरीके से कई बीमारियों का किया उपचार

12 एचटेट में 12 हजार से ज्यादा परीक्षार्थी लेंगे हिस्सेदारी


### ईंट-भट्ठे पर सर्प दंश से किशोर की मौत

**इसराना।** पानीपत के इसराना गांव के रकबे में स्थित ईंट भट्ठे में निवास कर रहने वाले तेरह साल के विशाल पुत्र दशरथ मांझी की सांप के काटने से मौत हो गई। विशाल के परिजन ईंट भट्ठे पर मजदूरी करते है और वहां पर बनी झोपडी में निवास करते है। विशाल झोपडी के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान उसे सांप ने काट लिया। परिजन तुरंत उसे स्थानीय प्राइवेट अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने जांच के बाद विशाल को पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। वहीं पीजीआई में इलाज के दौरान विशाल की मौत हो गई।

### ग्रामीण के खाते से 57 हजार की साइबर ठगी

**इसराना।** इसराना थाना पुलिस ने प्रवीण की शिकायत पर साइबर अपराधियों पर केस दर्ज किया है। गांव इसराना निवासी प्रवीण के बैंक खाते से साइबर ठगों ने 57 हजार 50 रुपए निकाल लिए। उसको इस धोखाधड़ी का पता तब चला जब उसके मोबाइल पर बैंक से पैसे निकलने का मैसेज आया। प्रवीण ने तुरंत बैंक जाकर मामले की जानकारी ली, जहां पता चला कि वह साइबर ठगी का शिकार हो गए हैं। वहीं पुलिलस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पोल्ट्री फार्म में चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने बाल जाटान गांव में गोगामेडी रोड पर बंद पड़े लेयर पोल्ट्री फार्म से पंखे व लोहे का अन्य सामान चोरी करने वाले तीन शातिर चोरों विशाल पुत्र विनोद निवासी डिडवाडी, रोहित पुत्र कृष्ण व राजू पुत्र कर्ण निवासी बाल जाटान को गिरफ्तार किया है। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि चोरी की उक्त वारदात बारे थाना सदर में गांव बाल जाटान निवासी सतपाल की शिकायत पर केस दर्ज है। वहीं, पुलिस ने आरोपियों से 25500 रूपए बरामद किए है।

### रंजिशन नाबालिग लड़के पर तलवार से हमला

**यमुनानगर।** चार युवकों ने नाबालिग लड़के पर तलावार, डंडों व कटर से हमला कर उसे जान से मारने का प्रयास किया। लहूलुहान हालत में परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस ने चार आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। हमीदा निवासी 17 वर्षीय सादिक ने पुलिस को बताया कि उसकी कुछ दिन पहले कॉलोनी के ही हर्ष उर्फ बिल्ला व दानिश के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था। मगर उसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। 27 जुलाई की रात वह कॉलोनी में किसी काम से जा रहा था। रास्ते में आरोपी हर्ष उर्फ बिल्ला ने अपने साथियों दानिश, नईम व सलमान के साथ मिलकर उसे रोक लिया। आरोपियों ने तलवार, कटर व डंडे से उस पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

21 हजार राखियों और 21 भारत रक्षा सूत्र बनाने का संकल्प

# गाय के गोबर से बनी राखियां सजेंगी सीमा पर, कलाई पर बंधेगा 'गौमय रक्षा सूत्र'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

देशभक्ति, संस्कृति और स्वावलंबन का अनूठा संगम करनाल की भूमि से देखने को मिला, जहां सेवा भारती द्वारा "गौमय स्वावलंबन अभियान" की शुरुआत की गई। इस अभियान का उद्देश्य न केवल गायों का संरक्षण करना है, बल्कि उनके गोबर और मूत्र से आजीविका के नये रास्ते भी खोलना है।

इस रक्षा बंधन पर भारत माता के वीर सपूतों की कलाई पर बंधेंगी 'गाय के गोबर' से बनी सात्विक राखियां। सेवा भारती के करनाल कार्यालय में रविवार को 21 हजार गोमय राखियों और 21 भारत रक्षा सूत्रों का पूजन विधिवत सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि एस.एल. सांखला (सांखला क्लासिज़) रहे, जिन्होंने अभियान की सराहना करते हुए इसे गौ रक्षा और ग्रामोत्थान की दिशा में क्रांतिकारी कदम बताया।

#### धूपबत्ती से लेकर मोबाइल कवर तक

अभियान के तहत केवल राखियां ही नहीं, बल्कि गोबर और गौमूत्र से बनने वाले 50 से अधिक उत्पाद अब देशभर में बनाए जाएंगे। इन उत्पादों में एंटी-रेडिएशन मोबाइल स्टैंड, नेम प्लेट, दीये, पूजा की समिधा, सुगंधित धूपबत्ती, हवन किट, मूर्तियां, गमले, और यहां तक कि साबुन, मंजन और औषधियां भी शामिल हैं। इनका उद्देश्य है गौ माता को आर्थिक रूप से केंद्र में लाना। अभियान की विशेष बात यह रही कि इसमें हरियाणा की चुनिंदा महिलाओं को विशेष प्रशिक्षण देने के लिए महाराष्ट्र के नागपुर से प्रशिक्षक पहुंचे। तरुण जैन के नेतृत्व में हुए इस प्रशिक्षण में बताया गया कि अब तक वे 750 महिलाओं को प्रशिक्षित कर चुके हैं और जल्द ही हजारों महिलाएं गौ आधारित उत्पादों से आत्मनिर्भर बनेंगी।


प्रशिक्षण

#### इनके निर्माण का प्रशिक्षण

प्रशिक्षक तरुण जैन ने बताया, "रक्षा बंधन के पावन पर्व पर तीन सौ राखियां नागपुर भेजी हैं और देशभर में गौमय राखियां विशिष्ट जनों को भेंट की जाएंगी। इस व्यापक प्रशिक्षण में जिन वस्तुओं के निर्माण का अभ्यास कराया गया, उनमें शामिल हैं: गोमूत्र अर्क (12 प्रकार), घनवटी (9 प्रकार), कर्ण औषधि, त्रिफला, अंगराग, मलहम, लेप, पंचगव्य घृत। गोबर से बनी सजावटी वस्तुओं में नेमप्लेट, दीये, तोरण, फोटो स्टैंड, घड़ियाँ, सीड बॉल्स एंटी रेडिएशन उत्पादः मोबाइल कवर, मोबाइल स्टैंड रसोई उत्पाद व फिनाइल, सफाई सामग्री गोबर से हवन समिधा, बलिवैश्व यज्ञ किट।

#### सेवा भारती का संकल्प

सेवा भारती के सुरेंद्र ग्रोयल व रोशन लाल गुप्ता ने कहा कि, "हमारा लक्ष्य है कि गौ माता के हर अंश को उपयोग में लाकर ग्रामीण भारत को समृद्ध और स्वावलंबी बनाएं। यह गोपालन से लेकर गौ आधारित उद्योग तक का सफर है।" प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि गौ उत्पाद केवल आर्थिक उपार्जन का साधन नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की रक्षा, गौ सेवा, आयुर्वेदिक चिकित्सा और रोग प्रतिरोधक जीवन शैली का भी माध्यम बन सकते हैं। महाराष्ट्र से आए सचिन व आशीष ने बताया कि यह अभियान अब दिल्ली, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, राजस्थान व पंजाब में भी चलाया जा रहा है।

## सीएम नायब सिंह सैनी ने लखनौर साहिब गुरुद्वारा में मत्था टेककर लिया आशीर्वाद

# गुरुओं की बहादुरी, पराक्रम, बलिदान युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत : सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- प्रदेशवासियों की समृद्धि, भलाई व खुशहाली के लिए अरदास की

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ऐतिहासिक गुरुद्वारा लखनौर साहिब में माथा टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही प्रदेशवासियों की समृद्धि, भलाई व खुशहाली के लिए अरदास की।

उल्लेखनीय है कि गुरुद्वारा लखनौर साहिब गुरु गोबिंद सिंह जी का ननिहाल है। यहां पर उनकी व उनकी माता की भी यादें इस गुरुद्वारा में संजोकर रखी हुई हैं। इस मौके पर उनके साथ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली, पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला, भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, हरियाणा सिक्ख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष सरदार जगदीश सिंह झींडा व कमेटी के सदस्यों के साथ-साथ श्री गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारीगण विशेष तौर पर मौजूद रहे।


**अंबाला।** गुरुद्वारा लखनौर साहिब में मत्था टेकते सीएम नायब सैनी व अन्य।

इस मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल कौशिक, पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल को सिरोपा व स्मृति चिह्न भेंट कर उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम अपने गुरुओं की बहादुरी, पराक्रम, कुर्बानियों व बलिदानों को याद करते हैं तो वह युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। श्री गुरु गोबिंद सिंह व उनके परिजनों का इतिहास व पराक्रम हम सबको प्रेरणा दे रहा है। उन्होंने कहा कि इस पवित्र भूमि पर मुझे गुरू का आशीर्वाद प्राप्त करने का मौका मिला है। यह पवित्र भूमि माता गुजर कौर की है। जिनकी पीढियों ने धर्म, कौम व समाज के लिए कुर्बानियां दी हैं। उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। हमारा जो इतिहास है वह दुनिया का सबसे बड़ा इतिहास है। हम अपने महापुरूषों व गुरूओं के दिखाए गए रास्ते पर चलकर सर्व समाज के लिए कार्य कर रहे हैं। गुरूओं के जो संदेश एवं वाणी है उसे हमें स्वयं एवं युवा पीढी को आत्मसात करते हुए जीवन में आगे बढना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सिक्ख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष जगदीश सिंह झींडा द्वारा जो भी सिक्ख समाज की भलाई के लिए कार्य किया जाना है उसे हम मिलकर करेंगे।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर, सीईओ जिला परिषद गगनदीप, पवित्र सिंह बाजवा, नीता खेडा, पूर्व विधायक पवन सैनी, बंतो कटारिया, गुरविंद्र सिंह मानकपुर, सुंदर ढींगरा, राजेश मेहता, गुरप्रीत शाना, संजीव गोयल टोनी, टीपी सिंह, गुरतेज सिंह, जेजे सिंह, डीएम सिंह, भूपेंद्र सिंह भाटिया, गुरप्रीत, सुदर्शन सहगल, जसबीर सिंह जस्सी, सुरेंद्र बिन्द्रा, हर्ष बिंद्रा, मदल लाल शर्मा, मोहित कौशिक भी मौजूद रहे।

# 30 लाख का नशीला पदार्थ समेत चार आरोपी गिरफ्तार




- तीन गाड़ियों से 5 क्विंटल 44 किलोग्राम चूरापोस्त बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ रखने के चार आरोपियों देवेन्द्र सिंह उर्फ बाबा वासी कांगथला जिला पटियाला, मनजोत सिंह उर्फ मन्ना वासी मखभूलपुर जिला पटियाला, देवेन्द्र सिंह उर्फ बंटी वासी पटियाला व परगट सिंह उर्फ मन्नी वासी कुपिया प्लाट पिहोवा को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से करीब 30 लाख रुपए कीमत का 5 क्विंटल 44 किलोग्राम चूरापोस्त बरामद करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने बताया कि अपराध अन्वेषण शाखा-2 के उप निरीक्षक प्रेम सिंह, पीएसआई प्रमोद कुमार, सहायक उप निरीक्षक राम कुमार, मुख्य सिपाही गुरमेज सिंह, विजय, प्रवीन कुमार व चालक हवलदार सुरेन्द्र कुमार की टीम अपराध तलाश के सम्बन्ध में पेहवा रोड पर मौजूद थी। पुलिस ने 152-डी पर पेहवा कुरुक्षेत्र रोड पर नाकाबंदी करके तीन गाड़ियों को काबू किया। पुलिस टीम द्वारा गाड़ियों में बैठे व्यक्तियों उनका नामपता पूछने पर उन्होंने अपना नाम देवेन्द्र सिंह उर्फ बाबा वासी कांगथला जिला पटियाला, मनजोत सिंह उर्फ मन्ना वासी मखभूलपुर जिला पटियाला, देवेन्द्र सिंह उर्फ बंटी वासी पटियाला व परगट सिंह उर्फ मन्नी वासी कुपिया प्लाट पेहवा बताया। उनकी गाड़ियों की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से करीब 30 लाख रुपए कीमत का 5 क्विंटल 44 किलोग्राम चूरापोस्त बरामद हआ। आरोपपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# बाइक सवार बदमाशों ने जेल में बंद उमित के घर के बाहर किए फायर

- उमित की मां की शिकायत पर अज्ञात युवकों पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में फायरिंग का सिलसिला जारी है। बीती रात बाइक सवार दो युवकों ने जेल में बंद वेंकट गर्ग के सदस्य आजाद नगर निवासी उमित गुप्ता के घर के बाहर दो राउंड फायर किए। गोली चलने की आवाज सुनकर जब लोग घरों से बाहर आए तो आरोपी मौके से फरार हो चुके थे।

पुलिस ने उमित गुप्ता की मां की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार आजाद नगर गली नंबर नौ निवासी कांति देवी ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रात को घर पर सोई हुई थी। रात को करीब दो बजे उसे गोलियां चलने की आवाज सुनाई दी। जिसे सुनकर वह डर गई।

कुछ देर बाद जब घर से बाहर आई तो वहां पर लोगों की भीड़ लगी थी। उसके घर के बाहर दो राउंड फायर किए गए थे। उनके आने से पहले आरोपी फायरिंग करके फरार हो गए थे। घटना की सूचना मिलते ही यमुनानगर थाना पुलिस, रामपुरा चौंकी और सीआईए वन पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। जिसमें दो युवक बाइक पर आकर घर के बाहर फायरिंग करते दिखे। बाइ में पुलिस ने कांति देवी की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

#### बसपा नेता की हत्या में जेल में बंद है उमित

उमित गुप्ता जनवरी 2025 में अंबाला के नारायणगढ़ में हुए बसपा नेता हरबिलास हत्याकांड में जेल में बंद है। उमित के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। उसकी मां कांति ढेवी आजाद नगर गली नंबर नौ में अपने मकान में रहती है। बताया जा रहा है कि उमित गुप्ता वेंकट गर्ग गैंग का सदस्य है। उसका नाम हरबिलास हत्याकांड में सामने आया था। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था।

### ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित महिला व उसकी मां से 8.43 लाख की ठगी

**अंबाला।** ब्रेन ट्यूमर से ग्रस्त महिला व उनकी मां से मोटे मुनाफे का लालच देकर आठ लाख 43 हजार की धोखाधड़ी हो गई। बलदेव नगर थाना पुलिस ने सोनाली, रमेश कुमार, उषा देवी, पायल, सुषमा पर मामला दर्ज कर लिया है।

अंबाला शहर कीचंदा रानी ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने खतरनाक बीमारी पर इलाज के लिए ज्यादा रकम खर्चा के लिए इंतजाम करवाने हेतु व माता का विदेशी कंपनियों में रकम लगवाकर 7 प्रतिशत तक ब्याज दिलवाने के नाम पर 8 लाख 43 हजार रुपये हड़प लिए। रकम तो दोगुना से तीन गुणा करने का लालच दिया था। ब्याज की रकम वापस न करके मारपीट व धमकियां देने के आरोप लगाए।

# कार ने बाइक सवार दंपति को मारी टक्कर, पत्नी की मौत

- हादसे में घायल हुए पति का अस्पताल में चल रहा इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

कुंजल रोड गांव दामला के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दंपत्ति को टक्कर मार दी। हादसे में पत्नी की मौत हो गई जबकि पति घायल हो गया। जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार पुराना हमीदा निवासी योगेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी पत्नी 24 वर्षीय रजनी बाला के साथ बाइक पर किसी काम से गया था। शाम को साढ़े पांच बजे जब वह वापस घर लौट रहे थे तो कुंजल रोड पर गांव दामला के पास तेज गति से आ रही मारूति कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वह दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

लोगों ने हादसे की सूचना डायल 112 पुलिस टीम को दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान रजनीबाला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टर्माटम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### महिला की हत्या मामले में दोषी को उम्रकैद

**करनाल।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ. विवेक गोयल की अदालत ने महिला की हत्या और सेंधमारी के मामले में दोषी अंकित उर्फ अमित को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

उप जिला न्यायवादी सचिन कुमार की पैरवी में दोषी को धारा 302 के तहत आजीवन कठोर कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माना तथा धारा 450 के तहत 10 वर्ष कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माना सुनाया गया। जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। दोषी अंकित, निवासी सिरसली (बागपत, उ.प्र.), वर्तमान में करनाल का निवासी था। अदालत ने यह भी आदेश दिया कि 9 मार्च 2023 से अब तक हिरासत में बिताई गई अवधि को मुख्य सजा में समायोजित किया जाएगा।

## करनाल में क्लाइमेट-स्मार्ट बासमती चावल पर जागरुकता अभियान

# जलवायु अनुकूल खेती से मीथेन उत्सर्जन में कमी

- पर्यावरण के प्रति संवेदनशील खेती को बढ़ावा देने का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पर्यावरण के प्रति संवेदनशील खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से करनाल में क्लाइमेट-स्मार्ट बासमती चावल परियोजना चलाई जा रही है। यह परियोजना कृषि में जल और उर्वरकों की खपत घटाकर वातावरण में मीथेन जैसी हानिकारक गैसों के उत्सर्जन को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

सिंजेंटा और इब्रो इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से चलाई जा रही इस



पहल के तहत करनाल में किसानों व संबंधित अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर सिंजेंटा समूह की मुख्य सततता अधिकारी पेट्रा लॉक्स और इब्रो इंडिया के प्रबंध निदेशक ग्राहम कार्टर ने खेतों का दौरा किया और टिकाऊ खेती के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। नवीन 'वैकल्पिक गीलापन और सुखाने' से किसानों ने सिंचाई में 12 प्रतिशत तक पानी की बचत की है और मीथेन उत्सर्जन में 36 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। इसके साथ ही मिट्टी जांच के आधार पर उर्वरक की खपत में भी 33 प्रतिशत तक की कमी आई है। किसानों को पराली प्रबंधन और फसल सुरक्षा के तौर-तरीकों का प्रशिक्षण भी दिया गया। ग्राहम कार्टर ने बताया कि यह परियोजना वर्तमान में हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश के कुल 12,000 एकड़ क्षेत्र में 900 से अधिक किसानों के साथ चलाई जा रही है और इसका उद्देश्य खेती को जलवायु के अनुकूल बनाना है।

### दो नशा तस्करों को 20 साल का कारावास

**पानीपत।** असिस्टेंट सेशन जज फास्ट ट्रैक कोर्ट (एनडीपीएस) योगेश चौधरी ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोपियों सुरेंद्र पुत्र प्रेम सिंह और राम मेहर उर्फ मेहर सिंह पुत्र निहाल सिंह निवासी गांव अटावला जिला पानीपत को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। जज चौधरी की अदालत ने सुरेंद्र व राम मेहर पर ढाई-ढाई लाख रुपये का जुर्माना भी किया।

जुर्माना नहीं देने पर दोनों तस्करों को दो साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। स्मरणीय है कि दोनों दोषियों को छह जुलाई सन 2018 को पानीपत पुलिस की सीआईए टू की टीम ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया था।

वहीं आरोपियों के खिलाफ थाना मतलौडा में 15/ 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था।

# अवैध असला रखने के दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र

- अमन होटल पर फायरिंग करने के आरोपियों को करवाया था असला उपलब्ध

कुरुक्षेत्र पुलिस ने अवैध असला रखने के दो आरोपियों करणदीप सिंह उर्फ केडी व राजा जंग सिंह वासीयान कृष्णा नगर जिला यमुनानगर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1 देसी कट्टा 32 बोर व 2 जिन्दा रौंद बरामद करने में सफलता हासिल की है।

अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहन लाल के मार्गनिर्देश में उप निरीक्षक जसबीर सिंह, मुख्य सिपाही जगदीप सिंह, कुलदीप, संदीप व मुख्य सिपाही सुरेन्द्र सिंह की टीम अपराध तलाश के सम्बन्ध में गांव बन के बस अड्डा पर मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली करणदीप सिंह उर्फ केडी व राजा जंग सिह वासीयान कृष्णा नगर जिला यमुनानगर जो वारदातों के लिए असला सप्लाई का काम करते हैं। जो आज भी दोनों किसी वारदात के लिये असला सप्लाई करने के लिये बडशामी के बस अडडा पर बैठे हैं। सूचना पर पुलिस टीम बडशामी के बस अड्डा पर पहुंची जहां पर दो लड़के बैठे हुए दिखाई दिए। पुलिस टीम ने शक के आधार पर लड़कों को काबू करके उनका नामपता पूछने पर उन्होंने अपना नाम करणदीप सिंह उर्फ केडी व राजा जंग सिंह वासीयान कृष्णा नगर जिला यमुनानगर बताया।

**खबर संक्षेप**

## दुकान की दीवार तोड़कर की तांबे की तारे चोरी

**इंद्री।** इंद्री के गांव हिनौरी में चोरों ने रात को एक इलेक्ट्रिकल शॉप की दीवार तोडक़र करीब 40 से 45 हजार कीमत की तारे चोरी कर ली । दुकान मालिक राजेंद्र ने इंद्री पुलिस में दी शिकायत में बताया कि वह अपनी दुकान को ठीक-ठाक बंद करके गया था । सुबह जब वह दुकान पर आया तो उसकी दुकान की दीवार टूटी हुई थी और दुकान के अंदर से चोरों ने करीब 25 किलो नई तांबे की तार व 10 किलो पुरानी तांबे की तार चोरी कर ली । उन्होंने बताया कि चोरी हुई तारों की कीमत लगभग 40 से 45 रुपए हैं । पुलिस ने राजेंद्र की शिकायत पर मामला दर्ज घटना की जांच शुरू कर दी है । जांच अधिकारी लखबीर सिंह ने बताया कि हिनौरी गांव में इलेक्ट्रिक शॉप की दुकान में चोरी होने की शिकायत मिली है । मौके पर फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट की टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए है । अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है ।

## लॉन्च किए एआई आधारित स्मार्टफोन

**करनाल।** मोबाइल निर्माता कंपनी रियलमी ने अपनी नई मोबाइल श्रृंखला में दो अत्याधुनिक स्मार्टफोन रियलमी 15 प्रो 5जी और रियलमी 15 5जी बाज़ार में उतारे हैं। कंपनी ने इन्हें /"कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पार्टी फोन/" की संज्ञा दी है, जो विशेष रूप से युवा वर्ग को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए हैं। इन दोनों फोनों की सबसे बड़ी विशेषता है इनका पचास मेगापिक्सल का तिहरा कैमरा तंत्र, जो रात्रि दृश्य, धुंधले चित्र, और समूह चित्रों को अत्यंत स्पष्टता से कैद करने में सक्षम है। इसके साथ ही, सोनी का उन्नत छवि संवेदक, रात्रि दृश्य की विशेष तकनीक, तथा स्वचालित चित्र सुधार प्रणाली जैसे नवीनतम फोटोग्राफी तकनीकों को जोड़ा गया है। फोन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता संपादन प्रणाली, विशेष पार्टी छाया प्रणाली, और तेज गति की छवि फिल्मांकन सुविधा भी दी गई है, जिससे यह युवा फोटोग्राफी प्रेमियों के लिए एक उपयुक्त विकल्प बनकर उभरेगा।

## हरिसिंह पुरा में डेढ़ सौ पौधे लगाए गए

**घरौंडा।** ग्राम पंचायत हरिसिंह पुरा में पर्यावरण संरक्षण और गांव को हरा भरा बनाने के उद्देश्य से सरपंच लक्ष्मण बैरागी और उनकी टीम ने सोमवार को पौधारोपण अभियान चलाया। इस दौरान गांव की मुख्य सड़कों के किनारे, बैरागी चौपाल, शिव मंदिर परिसर और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लगभग डेढ़ सौ पौधे लगाए गए। इस अवसर पर प्रधान सतीश बैरागी, राजू बैरागी, सोनू धीमान, कपिल धीमान, सिकंदर कुमार, आत्मा बैरागी, प्रताप, चंद्र बैरागी, सोमबीर, गौरव वाल्मीकि सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे और उन्होंने लगाए गए पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी सरपंच लक्ष्मण बैरागी के नेतृत्व में बंदा वीर बैरागी स्टेडियम परिसर और गांव की सड़कों के किनारे 500 से अधिक पौधे लगाए गए थे, जिनमें से अधिकांश पौधे आज हरे-भरे वृक्ष का रूप धारण कर गांव की सुंदरता और वातावरण को संवार रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण और गांव को हरा भरा बनाने के उद्देश्य से पौधारोपण अभियान चलाया।

### ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर जताया रोष

# ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में गेट मीटिंग के बाद जलाईं प्रतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल

बिजली विभाग की आदर्श ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी 2025 के खिलाफ मंगलवार को ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर यूनियन के आह्वान पर करनाल के बिजली कर्मचारियों ने रोष प्रकट किया। मेरठ रोड स्थित सब यूनिट में यूनियन पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने गेट मीटिंग कर विरोध दर्ज कराया और पॉलिसी की प्रतियां जलाईं। यूनियन नेताओं का कहना है कि यह ट्रांसफर नीति तकनीकी सुरक्षा और कर्मचारी हितों के विरुद्ध है।

ट्रांसफर प्रक्रिया को ऑनलाइन और बिना अनुभव को प्राथमिकता दिए लागू करना न केवल कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए बल्कि पूरे सिस्टम के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। यूनिट प्रधान सुरेंद्र कंबोज, सचिव प्रदीप कुमार और राज्य उपमहासचिव राजेंद्र राणा ने संयुक्त रूप से कहा कि यदि सरकार ने यह नीति वापस नहीं ली, तो आगामी 5 अगस्त को बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला और अतिरिक्त मुख्य सचिव को करनाल से विरोध स्वरूप ज्ञापन सौंपा जाएगा।मेरठ रोड स्थित सब यूनिट में यूनियन पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने गेट मीटिंग कर विरोध दर्ज कराया और पॉलिसी की प्रतियां जलाई

गेट मीटिंग का संचालन प्रदीप कुमार ने किया और अध्यक्षता सुरेंद्र कंबोज ने की। इस मौके पर यूनियन पदाधिकारी विनोद सैनी, सुखबीर मलिक, संजय शर्मा, दीपक वर्मा, महिपाल सिंह, राजकुमार, अनिल सैनी, पंकज शर्मा, अनूप सिंह, अजय कंबोज, अनिल हुड्डा, रामकरण कंबोज, कृष्ण कुमार, रणधीर सिंह और अन्य सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में संघर्ष जारी रखने की शपथ ली।



करनाल। ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध मीटिंग को संबोधित करते वक्ता।



करनाल। ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को लेकर विरोध करते कर्मचारी।

## पॉलिसी पर रोक नहीं लगाई तो होगा बड़ा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। इंद्री

ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के आह्वान पर पावर हाउस इंद्री में विरोध गेट मीटिंग हुई। मीटिंग की अध्यक्षता कैशियर राजेश ने और संचालन सह सचिव प्रिंस ने किया । इस मीटिंग में कर्मचारियों द्वारा मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी का विरोध करते हुए पॉलिसी की प्रतियां जलाकर रोष व्यक्त किया । मीटिंग में कर्मचारी नेताओं ने कहा कि अगर सरकार ने इस पॉलिसी पर रोक नहीं लगाई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा क्योंकि बिजली निगम में अगर यह पॉलिसी लागू होती है तो दुर्घटनाओं की दर बहुत अधिक बढ़ जाएगी जिससे निगम का काम प्रभावित होगा । यूनियन ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि इस ट्रांसफर पॉलिसी को रद्द किया जाए। इस मीटिंग में यूनिट न.1 प्रधान राजीव राठी , कर्मचारी संघ हरियाणा ब्लॉक इंद्री के प्रधान संटी कांबोज, मुकेश कुमार, विशाल नवीन शर्मा, राजिंद्र,अरुण रहे।



इंद्री। ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी की प्रतियां जलाते कर्मचारी ।



तरावड़ी। विधायक को कार्यक्रम का निमंत्रण देते हुये हंसराज पाहुजा, राजीव नारंग, देवेंद्र कामरा सहित सभा के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

## मुल्तान जोत मोहत्सव 2 को विधायक को दिया निमंत्रण

- कार्यक्रम मे उपस्थित होगें मुख्य अतिथि विधायक भगवानदास कबीरपंथी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। तरावड़ी

श्री मुल्तान जोत सभा तरावड़ी की ओर से 2 अगस्त को मुल्तान जोत महोत्सव धूमधाम से मनाया जाऐगा। जिसमें विधायक भगवान दास कबीरपंथी, पंजाबी धर्मशाला के प्रधान नंदकिशोर खुराना, पंजाबी सभा के प्रधान राजीव नारंग, समाजसेवी हन्नी चौधरी और गणमान्य लोग शिरकत करेंगे। आज विधायक कबीरपंथी के निवास स्थान पर कार्यक्रम के लिये निमंत्रण कार्ड देने सभा के सदस्य राजीव नारंग, देवेंद्र कामरा, प्रवीण बत्रा, मुकेश सचदेवा, जॉनी सरदाना, संजय आनंद, सतीश अरोड़ा एवं हंसराज पाहुजा,अजय सचदेवा, लक्ष्मण दास सेठी, सुरेंद्र खुराना देने पहुंचें। जानकारी देते हुए सभा के संयोजक हंसराज पाहुजा ने बताया मुल्तान ज्योत परम्परा पिछले 114 सालों से पाकिस्तान के मुलतान जिले से आरम्भ हुई थी, जिसकी शुरूआत भगत लाला रूप चंद द्वारा की गई। जो लोग वहां से पैदल चल कर हरिद्वार गंगा जी में ज्योत विसर्जन करते थे। मुल्तान ज्योत महोत्सव का इतिहास 1911 में, पाकिस्तान के मुल्तान शहर के रहने वाले लाला रूपचंद अपनी दस संतानों की मृत्यु के बाद अपनी बेटी को गंभीर चोट लगने पर हरिद्वार आकर गंगा में ज्योत अर्पित करने और आशीर्वाद लेने गए थे। ऐसा माना जाता है कि उनकी मनोकामना पूरी हुई, जिसके बाद उन्होंने इस परंपरा को शुरू किया। इस परंपरा में मुल्तान समाज के लोग हरिद्वार में गंगा मैया को ज्योत अर्पित करते हैं और दूध की होली खेलते हैं, जो गंगा की पवित्रता और देश-दुनिया में सुख-शांति की कामना का प्रतीक है। यह महोत्सव हर साल बड़े धूमधाम से मनाया जाता है, जिसमें देश के अलग-अलग हिस्सों से मुल्तान समाज के लोग शामिल होते हैं।

## ब्राह्मण सभा के प्रदेशाध्यक्ष ने लगाए कई गंभीर आरोप

- सदो सदस्यों पर लगाया हमला व रिवॉल्वर छीनने का प्रयास करने का आरोप



सुरेन्द्र शर्मा बड़ौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल

करनाल। ब्राह्मण सभा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा बड़ौता ने ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित प्रेस वार्ता में सभा की आंतरिक कार्यप्रणाली में गड़बड़ी और व्यक्तिगत हमले का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि 27 जुलाई की रात दो समिति सदस्यों लाजपत राय और मांगेराम ने उन पर हाथापाई करते हुए उनकी लाइसेंसी रिवॉल्वर छीनने का प्रयास किया।

बड़ौता ने कहा कि पूरी घटना सभा कार्यालय के सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि समिति के ये सदस्य सत्ता प्रदर्शन और समाज विरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं। साथ ही, चाय-भंडारे की वर्षों पुरानी परंपरा को बंद करने का प्रयास किया गया, जो समाज की आस्था का प्रतीक है।

उन्होंने प्रशासन से इस घटना की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि सीसीटीवी फुटेज सच्चाई को उजागर कर सकते हैं। समाज में भ्रम की स्थिति को समाप्त करना अब प्रशासन की जिम्मेदारी है।

## इस्कॉन में 3 दिवसीय वर्कशॉप आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण-अर्जुन मंदिर, इस्कॉन कुरुक्षेत्र में तीन दिवसीय युवा वर्कशॉप का आयोजन बड़े ही उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। तीन दिवसीय युवा नेतृत्व कार्यशाला का उद्देश्य था कि भारत के युवाओं को आध्यात्मिक शिक्षा, नैतिक मूल्यों और आत्मानुशासन के आधार पर समाज का सशक्त और जागरूक नेतृत्व प्रदान करने के लिए तैयार करना। इस प्रेरणादायक आयोजन में देशभर से आए 100 से अधिक युवाओं ने भाग लिया। और पुणे से पधारे राधेश्याम प्रभु के मार्गदर्शन में नेतृत्व की नई परिभाषा सीखी। कार्यक्रम की शुरूआत सोमवार शाम को भव्य मंगलाचरण और संकीर्तन के साथ हुई, जिसमें देशभर से आए 100 से अधिक युवाओं ने भाग लिया। राधेश्याम प्रभु के स्वागत में भावपूर्ण अभिवादन किया।

## प्रताप स्कूल की संवेदना से संवाद तक प्रकृति संरक्षण पर प्रेरणादायक नाट्य प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶। तरावड़ी

प्रताप पब्लिक स्कूल, तरावड़ी में प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर एक अत्यंत प्रभावशाली एवं संदेशप्रद नाट्य मंचन का आयोजन कक्षा द्वङ्ग के बच्चों ने किया। इस मंचन का मुख्य उद्देश्य था — छात्रों को यह समझाना कि यदि आज हमने प्रकृति की रक्षा नहीं की, तो आने वाला कल संकटों से भरा होगा। कार्यक्रम की शुरुआत इशमीत द्वारा की गई, जिन्होंने पर्यावरण की वर्तमान स्थिति और प्रदूषण के खतरों पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात क्रमशः पृथ्वी (अंशिल), वायु (इशमीत), नदी (सलोनी), सूर्य (दिशा),वृक्ष (मोरकल) मंच पर आए और उन्होंने अत्यंत भावनात्मक ढंग से बताया कि मानव किस प्रकार प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कर रहा है। इसके बाद वर्तमान बालक (कुनाल) और भविष्य का बालक (समर) ने संवाद के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि यदि आज की पीढ़ी ने चेतना नहीं दिखाई, तो भविष्य पीड़ा, ग्लानि और विनाश से भरा होगा। नेहा, ट्विंकल, जानवी और याशवी ने उन बच्चों की भूमिका निभाई जो शुरुआत में पर्यावरण को नुकसान पहुँचाते हैं, लेकिन अंततः अपनी गलती को स्वीकार कर प्रकृति की रक्षा करने का संकल्प लेते हैं। यह दृश्य दर्शकों के मन को झकझोर गया। इस संपूर्ण आयोजन की प्रेरणा स्रोत रहीं विद्यालय की निदेशिका पिथी चौधरी , जो सदैव बच्चों और शिक्षकों के लिए प्रेरणा की किरण हैं। उनकी दूरदर्शिता, मार्गदर्शन और रचनात्मक सोच के कारण ही इस प्रकार के संवेदनशील विषयों को विद्यार्थियों तक प्रभावी रूप से पहुँचाया जा सका। वह सदैव यह सिखाती हैं कि ज्ञान के साथ-साथ प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता भी जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। प्रधानाचार्य विकास उत्रेजा जी ने विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति कर्तव्यबोध का संदेश देते हुए प्रेरित किया कि हमें केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं रहना, बल्कि समाज और पर्यावरण के प्रति सजग भी रहना है। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुति की भूरी-भूरी प्रशंसा की।




तरावड़ी। प्रताप स्कूल के बच्चें कार्यक्रम में भाग लेते साथ स्कूल स्टाफ।



## भक्तों ने भोलेनाथ को पंचामृत स्नान करवाया

**करनाल।** श्री राम मंदिर सेक्टर आठ में सावन माह के 19वें दिन नाग पंचमी मनाई गई। भोलेनाथ के चरणों में कपिल खट्टर और अनु ने नाग-नागिन का जोड़ा चढ़ाया। भोलेनाथ को दूध, दही, घी, शहद व शक्कर से पंचामृत स्नान करवाया गया। सुंदर फूलों द्वारा भव्य रूप से भोलेनाथ का श्रृंगार किया गया। बेलपत्र, दूबरा, गुलाल, फल व सुगंधित द्रव्य अर्पित किए गए। इस मौके पर सुशील मदान ने राम नाम का सिमरन कर हनुमान आएगा अटल भरोसा प्यारे खाली ना जाएगा भजन गाया। वीना सेठ ने तेरी सेवा हमें दिन रात चाहिए जन्म जन्म का साथ चाहिए हमको तो बस भोलेनाथ चाहिए भजन गाया। मंदिर के प्रधान और सभा के अन्य सदस्यों ने मुख्य यजमान को भोलेनाथ का स्वरूप भेंट किया। संजीव ढींगरा का जन्मदिन भोलेनाथ के चरणों में मनाया गया। इस अवसर पर अशोक, पूनम ग्रोवर, सुनीता कथूरिया, वीना ग्रोवर, रविंद्र तनेजा, रेनू तनेजा, सरोज दुआ, वेद दुआ, तरसेम गुप्ता, सीमा बंसल, अर्चना टक्कर, चंद्र बत्रा, सुषमा धमीजा, पवन धमीजा, अनिल छाबड़ा, मुरारी बत्रा व रविंद्र बत्रा आदि मौजूद रहे।

## गुरु नानक खालसा कॉलेज के कोच सुभाष तंवर का इस्तीफा, वार्ड सेवा को बताया प्राथमिकता

- 25 वर्षों की सेवा के बाद कोच पद से विदाई, खिलाड़ियों की सफलता को दी प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल



गुरु नानक खालसा कॉलेज के मुख्य कोच सुभाष तंवर ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। वे वर्तमान में वार्ड-1 से पार्षद प्रतिनिधि हैं और अब पूरी तरह से वार्ड के लोगों की सेवा में जुटने के लिए कोचिंग से विराम ले रहे हैं।

कॉलेज में आयोजित विदाई समारोह में प्राचार्य डॉ. चुहड़ सिंह ने बताया कि सुभाष कोच की नियुक्ति पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री स. तारा सिंह के निर्देश पर हुई थी। उन्होंने कॉलेज को 16 बार पावर लिफ्टिंग और 9 बार वेट लिफ्टिंग चैंपियनशिप जिताई। कॉलेज के 35 खिलाड़ी रेलवे में कार्यरत हैं, जबकि कई सेना, वायुसेना, नेवी और खेल विभाग में सेवाएं दे रहे हैं। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस ने उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में डॉ. कृष्ण अरोड़ा, डॉ. जुझार सिंह, प्रो. प्रीति, डॉ. बीर सिंह, डॉ. अजय, दिनेश डोगरा, डॉ. जतिन्द्रपाल सिंह सहित स्टाफ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



तरावड़ी। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम सैंपल लेने की कार्रवई करते हुए।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने की छापेमारी

**तरावड़ी।** आज तरावड़ी शहर में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने पहुंच कर तीन दुकानों के खाद्य पदार्थ के सैंपल लिये। दोपहर को जैसे टीम पहुंची शहर में दुकानदारों को सूचना मिली तुरंत मिठाई, किराना दुकानदार, डैरी वाले दुकानदार अपनी दुकानों के शटल नीचे गिराते हुए रफूचक्कर हो गए। इस अवसर पर खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी डॉक्टर अमित चौहान ने बताया कि पिछले कई दिनों से तरावड़ी शहर से मिलावटी पनीर दूध व अन्य सामग्री बिकने की शिकायतें मिल रही थी। इनको देखते हुए आज खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने तरावड़ी के दुकानदारों में छापेमारी की। तरावड़ी की तीन दुकानों से दही, मुर्गी छेना, पनीर के सैंपल लेकर सील किया गया है। यह सैंपल फूड सेफ्टी की लेबोरेटरी में भेजे जाएंगे। वहां की रिर्पोट आने के पश्चात ही इन पर कोई कार्यवाही हो पाएगी। उन्होंने शहर के दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि वह मिलावटी चीजों का बेचना बंद कर दें।



## ॐ नमः शिवायः जाप परिवार ने दिखाई शिव भक्ति

**करनाल।** सावन का पवित्र महीना, शिवभक्ति का उत्सव, मंदिर की घंटियों की गूंज और भक्तों की असीम श्रद्धा... इस अद्वितीय दृश्य को साकार किया ॐ नमः शिवायः जाप परिवार ने रामनगर स्थित सनातन धर्म मंदिर में, जहां भक्ति, सेवा और संस्कारों का संगम देखने को मिला। इस सावन महोत्सव में यजमान सागर धीर व उनके परिवार ने पूरे मनोयोग से पूजन-अर्चन कर महादेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्य अतिथि करनाल विधायक जगमोहन आनंद अपने पूरे परिवार सहित पहुंचे और शिवभक्ति में लीन हो गए। उन्होंने कहा, "सावन भगवान शिव का महीना है, इसमें भक्ति, सेवा और संस्कार ही सच्चा धर्म है।" पूजन का संचालन पुजारी कृष्णाचार्य द्विवेदी ने वैदिक विधि-विधान से किया। रुद्राभिषेक, दुग्धाभिषेक और पंचामृत स्नान के पश्चात मंदिर परिसर शिवमय हो गया। रजत कबीर द्वारा प्रस्तुत "भोले के गुणगान" ने जैसे साक्षात कैलाश का अनुभव करा दिया। पूरे आयोजन में एक-एक व्यवस्था को संभालने वाले सेवादारों की भूमिका विशेष रही। संजय टिक्का, नरेश छाबड़ा, अनिल छाबड़ा, अशोक दुआ, कपिल ढल, सुरिंदर अघि, विकास टिक्का, जसवंत मीढ़ा, राजेश मेहरा, शांति सचदेवा, साहिल खुराना, रोहित ग्रोवर, दीपक छाबड़ा, अमन कुमार, हन्नी मुंजाल, प्रेम कठपालिया, ज्योति मुंजाल, नीलम गुगलानी आदि रहे।

**खेलकूद**

### खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता की हुई शुरुआत

# योगा के अंडर 14 के मुकाबलों में नितिन ने पाया प्रथम स्थान

- 29 -30 जुलाई को लडक़ों की हुई प्रतियोगिता तथा 1 व 2 अगस्त को लड़कियां करेंगी जोर आजमाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶। इंद्री


इंद्री के गांव नन्हेडा स्थित शहीद उधम सिंह स्टेडियम मे कक्षा छठी से 12वीं कक्षा में पढने वाले बच्चों की खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी धर्मपाल चौधरी ने किया । चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए खंड शिक्षा अधिकारी धर्मपाल चौधरी ने बताया कि 29 -30 जुलाई को लडक़ों की तथा 1 व 2 अगस्त को लड़कियों की खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। उन्होंने खिलाडिय़ों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों से जीवन में संयम और अनुशासन आता है, जिसके बल पर खिलाड़ी अपने जीवन को संवारते हुए मनचाहा मुकाम हासिल कर लेता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में कम उम्र के बच्चे नशे की ओर अग्रसर हो रहे हैं जिससे देश की भावी पीढ़ी पथ भ्रष्ट हो रही है । उन्होंने कहा कि यदि हर बच्चा खेल में अपनी उर्जा लगाएगा तो वह नशे से भी बचेगा और उसका मन पढ़ाई में भी लगेगा। उन्होंने कहा कि हर बड़े मुकाम के लिए शुरुआत छोटी जगह से ही होती है।

**ये रहे परिणामः** योगा के अंडर 14 के मुकाबलों में प्रथम स्थान पर नितिन, द्वितीय मनु व तृतीय मोंटी रहा। चैस मुकाबले में अंडर 14 में वरुण कलसोरा प्रथम, सोहम खानपुर द्वितीय तथा अधीक्षा कुमार खानपुर ने तृतीय स्थान हासिल किया । योग अंडर 17 में चक्षित ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल ने पहला स्थान हासिल किया। चैस अंडर 17 मुकाबले में अविनाश खेड़ी मानसिंह ने प्रथम, दिव्यांशु जीएमएस जनेसरो ने द्वितीय तथा अजय बदरपुर ने तृतीय स्थान हासिल करके विजय हासिल की। कबड्डी के मुकाबले में नन्हेड़ा की टीम ने डबकोली कला को हराया।

इस अवसर पर गांव के सरपंच शशि कांबोज, प्रिंसिपल गुरनाम सिंह मंढान, पूनम चहल, डॉ हजारी लाल, अनिल कांबोज मास्टर महेंद्र खेड़ा, बृजभूषण कांबोज, बीआरपी धर्मेंद्र चौधरी,संजीव कुमार, धीरज कुमार, अनिल कुमार, बलवान सिंह, बलविंदर सिंह, बलवंत सिंह, मनोज कुमार, संदीप कौर, नरेंद्र कुमार, रमन बग्गा, सुनील सिवाच व रणजीत सिंह आदि ने खेलों के संचालन में सहयोग किया।



इंद्री। गांव नन्हेड़ा मे चल रही खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता मे भाग लेते स्कूली बच्चे।



इंद्री। खेलकूद प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले बच्चों के साथ बीईओ व अध्यापक ।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण से नगदी ठगी, केस दर्ज

**इसराना।** इसराना थाना पुलिस ने प्रवीण की शिकायत पर साइबर अपराधियों पर केस दर्ज किया है। गांव इसराना निवासी प्रवीण के बैंक खाते से साइबर ठगों ने 57 हजार 50 रुपये निकाल लिए। उसको इस धोखाधड़ी का पता तब चला जब उसके मोबाइल पर बैंक से पैसे निकलने का मैसेज आया। प्रवीण ने तुरंत बैंक जाकर मामले की जानकारी ली, जहां पता चला कि वह साइबर ठगी का शिकार हो गए हैं। वहीं पुलिलस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने चोरी के तीन आरोपी पकड़े

**पानीपत।** सीआईए श्री पुलिस टीम ने बाल जाटान गांव में गोगामेडी रोड पर बंद पड़े लेयर पोल्ट्री फार्म से पंखे व लोहे का अन्य सामान चोरी करने वाले तीन शातिर चोरों विशाल पुत्र विनोद निवासी डिडवाडी, रोहित पुत्र कृष्ण व राजू पुत्र कर्ण निवासी बाल जाटान को गिरफ्तार किया है। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि चोरी की उक्त वारदात बारे थाना सदर में गांव बाल जाटान निवासी सतपाल की शिकायत पर केस दर्ज है। वहीं, पुलिस ने आरोपियों से 25500 रुपये बरामद किए है।

### दुकान में चोरी, पुलिस ने घटनास्थल की जांच की

**इसराना।** गांव मतलौडा के बाजार में स्थित अनुराग पुत्र रामकुमार की दुकान से चोरों ने 10 हजार रुपये नकद और करीब दो हजार रुपये का बीड़ी-सिगरेट आदि सामान चोरी कर लिया है। वहीं, यह घटना 26 जुलाई की रात की है। अनुराग की शिकायत पर थाना मतलौडा पुलिस ने घटनास्थल की जांच की और अज्ञात चोरों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट का आरोपी पकड़ा, केस दर्ज

**पानीपत।** थाना किला पुलिस ने डेयरी में घूसकर डंडे व गंडासी से युवक को चोट मारने मामले में अशोक विहार कॉलोनी निवासी सन्नी को गिरफ्तार किया है। थाना किला प्रभारी श्रीनिवास ने बताया कि थाना किला में महादेव कॉलोनी निवासी राजकुमार की शिकायत पर केस दर्ज है।

### साइकिल यात्री वैभव का स्वागत किया

**पानीपत।** आरएस पब्लिक स्कूल सौंदापुर में साइकिल यात्री वैभव शर्मा का सीएम हाऊस से लौटने पर स्कूल के चेयरमैन वीरेन्द्र सैनी एवं प्रधानाचार्या ललिता शर्मा ने बच्चों के साथ मिलकर स्वागत किया गया। वैभव शर्मा आरएस. पब्लिक स्कूल बारहवीं कक्षा का छात्र है। जिसने बेसहारा घायल गायों के उपचार के लिए अस्पताल खुलवाने के उद्देश्य से गांव सौंदापुर से चंडीगढ मुख्यमंत्री निवास स्थल तक साइकिल से यात्रा की।

### बाघ दिवस मनाया

**पानीपत।** श्री सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बाघों के संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षकों द्वारा बाघों से जुड़ी रोचक जानकारियों के साथ हुई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को एक विशेष शैक्षिक वीडियो दिखाया गया। जिसमें बाघों की घटती संख्या, उनके संरक्षण की आवश्यकता और वन्यजीव संतुलन में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

### पति के नाम पर पौधे रोपे

**पानीपत।** सुखदेव नगर पार्क में सावन के महीने में सभी योग साधकों ने अपनी माता के नाम एक-एक पौधा लगाया जिसमें महिलाएं भी शामिल होकर योग करती हैं। वहीं सावन माह के महीने में महिलाओं ने भी अपने पति के नाम एक-एक पौधा लगाया। इस अवसर पर योग शिक्षक रामपाल शर्मा, सुभाष नारंग, सागर कालरा, विजय घुमानी सरदाना, अश्वनी, जियालाल, वीरेंद्र सिंह लाल, अजय, सुरेंद्र, नरेश, नीरू जैन, मधु भामरी, सोनिया सरदाना, सुनीता खुराना, संतोष आदि उपस्थित रहे।

### सावन जोत की आरती की

**पानीपत।** सावन जोत महोत्सव शोभायात्रा गणपति पूजन करके कृष्णपुरा मेन बाजार से शुरू होकर प्रमुख मार्गों से होती हुई बिन्झौल नहर शिव मन्दिर में पहुंची।

## दर्जनों संस्थाओं के पदाधिकारियों ने अभियान के पहले दिन पांच हजार पौधे रोपे

# पानीपत में पौधरोपण अभियान का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

पौधों के बगैर जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। हमें हर वर्ष छायादार व फलदार पौधे लगाकर पानीपत नगर निगम और विभिन्न संस्थाओं द्वारा चलाए गए। इस पौधरोपण अभियान को और आगे बढ़ाना होगा। यही नहीं पेड़-पौधे लगाकर उनका संरक्षण भी करना बहुत जरूरी है तभी सही मायने में यह अभियान सफल होगा। दर्जनों संस्थाओं के पदाधिकारियों ने अभियान के पहले दिन पांच हजार पौधे रोपे व पानीपत में एक लाख पौधे रोपण करने का लक्ष्य रखा। यह बात क्षेत्रीय संघ संचालक उत्तर क्षेत्र पवन जिंदल ने वृक्षा रोपण महाअभियान के तहत स्थानीय हुडा सेक्टर 18 में उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आज के दौर में पौधों की सुरक्षा और संरक्षण बहुत जरूरी है। हमें पेड़-पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की आवश्यकता है और हमें यह समझना होगा कि पर्यावरण की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से अपील करते हुए कहा कि हमें जलवायु परिवर्तन की गम्भीर और जटील समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए हम सबको पर्यावरण बचाने का संकल्प लेना होगा और हरित भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाना होगा। पौधरोपण हमारे पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इस अभियान के लिए जिला प्रशासन, नगर निगम और कार्यक्रम संयोजक संदीप जिंदल एडवोकेट और शहर की सामाजिक संस्थाओं की खुले मन से प्रशंसा की। वहीं, पवन जिंदल ने कहा कि हमें विकसित भारत की इस कड़ी में स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना है और देश की आर्थिक स्थिति को मजबूती की तरफ लेकर जाना है। पूर्व सांसद संजय भाटिय ने निगम व प्रशासन द्वारा प्रारम्भ किए गए इस ग्रीन पानीपत अभियान की प्रशंसा की व कहा कि इस कार्यक्रम में सामाजिक संस्थाओं, स्कूल, कॉलेज, विद्यार्थियों, उद्योगपतियों, व्यापारियों और सामजिक संस्थाओं ने एक मंच पर आकर इस मिशन को कामयाब करने के लिए जो कदम उठाया है वह सराहनीय है। मेयर कोमल सैनी ने इस कार्यक्रम को सफल कार्यक्रम बताते हुए कहा कि पौधरोपण का संदेश अन्य जिलों में भी जाएगा व पानीपत की तरह दूसरे जिले भी पौधरोपण से प्रदूषण मुक्त होंगे। पेड़-पौधे हमारे रक्षक भी हैं। हमें इनकी परवरिश करने के साथ-साथ हर वर्ष इनमें बढ़ौतरी भी करनी चाहिए व पौधरोपण करना चाहिए। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों व सामाजिक संस्थाओं का धन्यवाद किया।



**पानीपत।** उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया, पौधारोपण कार्यक्रम में अथितियों को पौधे भेंट करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### इन लोगों ने पौधे रोपे

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा, उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र दहिया, नगर निगम आयुक्त डॉ. पंकज यादव, हरिओम तायल, सांसद प्रतिनिधि गजेन्द्र सलुजा, राष्ट्रीय स्वयं सेवक गाय सेवा प्रांत संयोजक महेन्द्र कंसल, राहुल विज, कृष्ण किवाना,सुमित मित्तल, डॉ हेमा रमन, नितिन अरोड़ा, सुनील कौशिक, मुकेश बोस, रविंदर सैनी, विवेक कत्याल, निरंजन सिंगला, राहुल सिंगला, राजीव जैन, इरफान, धनंजय सिंगला समेत बड़ी संख्या में विभिन्न संस्थाओं के लोगों ने पौधे रोपे।

## विद्यार्थियों को अंकुरण प्रमाण पत्र बांटे

- जीवन में अनुशासन व मेहनत के महत्त्व को समझाया

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

आईबी कॉलेज में सक्रिय मेधा के तहत टेब स्वर आरंभ केब सर्टिफिकेट कोर्स सम्पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों के लिए अंकुरण प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालयों की प्लेसमेंट एवं गाइडेंस इकाई व मेधा के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। इस कार्यक्रम में 350 विद्यार्थियों ने प्रमाण पत्र प्राप्त किए। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन कर किया गया। वहीं, कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक, उपप्राचार्या डॉ. किरण मदान एवं डॉ. निधान सिंह द्वारा मुख्य अतिथि कृस व रवि मिश्रा को तुलसी पौधा भेंट करके किया। प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने विद्यार्थियों को उनके कठिन परिश्रम और समर्पण के लिए बधाई दी तथा जीवन में अनुशासन व मेहनत के महत्त्व को समझाया। इस अवसर पर प्लेसमेंट व करियर गाइडेंस इकाई की संयोजिका डॉ. अर्पणा गर्ग, राहुल सिंघल चीफ मैनेजर सेल्स एंड डिस्ट्रीब्यूशन सागर कालरा ऑनर ऑफ़ आर्च फैब डॉ. पूनम गुप्ता, मेधा से पीयूष, प्रखर, शाहिद, वैभव, अतुल, अमन, छवि, अब्दुल, नेहा डॉ. स्वाति पुनिया, डॉ. भगवंत कौर, डॉ. नेहा पूनिया, डॉ. अंजलि, खुशबू, रुचिका आदि उपस्थित रहे।


**पानीपत।** आईबी कॉलेज की प्राचार्या डॉ . शशि प्रभा मलिक के साथ विद्यार्थीगण।

## सेवा का दूसरा नाम रोटरी क्लब है: डॉ. मनमोहन

- रोटरी क्लब रॉयल की अध्यक्ष मीरा व सचिव कंवर रविंद्र सैनी को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

रोटरी क्लब पानीपत रायल के नव निर्वाचित अध्यक्ष रोटेरियन पुनीत गोयल एवं सचिव रोटेरियन विनीत शर्मा का विधिवत रूप से कॉलर एक्सचेंज करके एवं रोटरी की पिन लगाकर कार्यक्रम शुभारम्भ किया। जिसमें मुख्यअतिथि पानीपत शहर के विधायक प्रमोद विज उपस्थित रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि रोटरी इंटरनेशनल 3080 से रोटेरियन महेंद्र पाल गुप्ता एवं रोटेरियन डा. मनमोहन सिंह पधारें। रोटेरियन रमन अनेजा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया एवं रोटरी की उपलब्धियां के बारे में विस्तार से बताया कि किस प्रकार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोटरी संगठन सभी के सहयोग से समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रहा है। प्रोजेक्ट चेयरमैन के रूप में रोटेरियन देवेंद्र सिंह ने मंच संचालन किया। रोटेरियन अरुण गोयल एवं रोटेरियन राहुल अग्रवाल ने कार्यक्रम की व्यवस्था की।

नव निर्वाचित सचिन रोटेरियन विनीत शर्मा ने सबका आभार व्यक्त किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रोटेरियन पुनीत गोयल ने आगामी वर्ष में प्रोजेक्ट्स की चर्चा की। रोटरी इंटरनेशनल 3080 जॉन 13 के रोटरी क्लब पानीपत रॉयल की अध्यक्ष मीरा रहेजा एवं सचिव कंवर रविंद्र सैनी को बेस्ट क्लब का अवार्ड प्रदान किया गया।



**पानीपत।** रोटरी क्लब पानीपत रॉयल के कार्यक्रम में शिरकत करते हुए रोटेरियन।

### ये मौजूद रहे

इस अवसर पर सुदर्शन चुघ, धीरज मिगलानी, विभास केला, दीपक बजाज, रमेश बजाज, महेंद्र खुराना, विपिन सरदाना, अरुण बब्बर, अनिल मेहरा, विवेक शर्मा, अमित वर्मा, दीप केजरीवाल, नितेश मित्तल, विनोद रहेजा, मीनू अनेजा, अर्चना शर्मा, कुमुद गोयल, अंजलि गोयल, शिखा सैनी, सरिता सरदाना, डिंपल वर्मा, ज्योति अग्रवाल, मिनी सिंह, लता केजरीवाल, सारिका मित्तल उपस्थित रहे।

## समालखा पालिका जल्द बनेगी परिषद: विपुल

- प्रदेश सरकार चुलकाना धाम को अपने अधीन कर यहां का तेजी से विकास करवाएगी

अशोक शर्मा ⏭समालखा

हरियाणा के स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल मंगलवार सुबह परिवार सहित चुलकाना धाम प्राचीन श्री श्याम मंदिर पहुंचे। मंत्री ने श्री श्याम बाबा के दरबार में दंडवत प्रणाम किया और विधिवत पूजा-अर्चना कर परिवार की खुशहाली के लिए मन्नत मांगी। वहीं, मंदिर पहुंचने पर मंदिर प्रबंधक कमेटी के प्रधान रोशन लाल छौक्कर, पानीपत नगर निगम आयुक्त पंकज यादव, नगर पालिका सचिव मनीष शर्मा, पालिका चेयरमैन अशोक कुच्छल, भाजपा शहरी मंडल अध्यक्षा रेखा गोयल और शिकायत निवारण कमेटी सदस्य एवं पार्षद संजय गोयल ने बुके देकर उनका स्वागत किया। इधर, मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि सरकार की मंशा चुलकाना धाम को अपने अधीन करके यहां का और अधिक विकास कराने की है। उन्होंने समालखा के विकास के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि समालखा पालिका को नगर परिषद बनाने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही इसकी अधिसूचना जारी कर दी जाएगी।


**समालखा।** चुलकाना धाम में बाबा श्याम के दर्शनों के लिए पहुंचे मंत्री विपुल गोयल व उनके परिजन।

## बिजली कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन सम्बंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर समालखा डिवीजन में आने वाली समालखा, बिहोली, बापौली व छाजपुर सब डिवीजन पर कर्मचारियों ने प्रदर्शन करके सरकार व निगम मैनेजमेंट द्वारा बिजली विभाग में लागू की गई। वहीं, ऑनलाइन ट्रांसफर पालिसी की प्रतियां जलाई गई। सब युनिटों पर प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए राज्य प्रेस सचिव सोमपाल रावल, राज्य कमेटी सदस्य विनोद कुमार, युनिट वरिस्ट उप प्रधान राजेश छोक्कर ने बताया कि यूनियन ऑनलाइन ट्रांसफर पालिसी का पहले से ही विरोध करती आ रही है। क्योकि बिजली विभाग का कार्य अन्य सभी विभागों से अलग है। प्रदर्शन में बिजली कर्मचारी नेता जोगिन्द्र, अमित रावल, नरेश कुमार, बलराज, संदीप रावल, कपूर चंद, प्रवीन छौक्कर, रणदीप, रॉबिन्सन, रवि रावल, नीरज राठी, नरेंदर रावल, सुरेन्द्र आदि ने भाग लिया।


**पानीपत।** बिजली कर्मचारी विरोध प्रदर्शन करते हुए।

## धूमधाम से मनाया तीजोत्सव

- कार्यक्रम का शुभारम्भ परिषद की महिला सदस्यों ने दीपशिखा प्रज्वलित कर किया

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

भारत विकास परिषद की रानी लक्ष्मी बाई शाखा पानीपत ने परिवार मिलन के साथ तीज उत्सव मनाया। कार्यक्रम में झूला एवं मंच सजाया गया। मंच संचालन शाखा सचिव मनीषा शर्मा एवं शाखा अध्यक्ष सुनील चिंदा ने किया। कार्यक्रम की व्यवस्था में महिला सहभागिता संजुला कक्कड़ एवं कोषाध्यक्ष मोहेन्द्र खत्री का योगदान रहा। कार्यक्रम का शुभारम्भ परिषद की महिला सदस्यों ने दीपशिखा प्रज्वलित कर किया। वहीं परव्या शर्मा ले अपने जन्मदिवस डांस भी प्रस्तुत किया। भारत विकास परिषद् की जिला सह समन्वयक संगीता सेठी एवं सुप्रसिद गायक चंदन परुथी ने भजन सुनाकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम में शाखा सदस्य सुनील चिंदा, राजेश शर्मा, मोहेन्द्र खत्री, सुरेश कक्कड़, अविनाश सेठी, रोशन लाल बंसल, केबी लाल, वीके रावल, शशि गोगिया, अर्जुन देव मुखीजा, लोकमान सिंह, अशोक मित्तल, कंवल कुमार, सुरेंद्र परुथी, प्रदीप शर्मा, राकेश तलवाड़, जॉली तनेजा, आकाश आदि मौजूद रहे।



**पानीपत।** भारत विकास परिषद रानी लक्ष्मी बाई शाखा के तीजोत्सव में भाग लेती नारी शक्ति। *फोटो : हरिभूमि*

## बैठक में 30 सूत्रीय एजेंडे पर हुई चर्चा

- शहर को साफ सुथरा व दुर्घटनाओं से मुक्त बनाना ही लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

पानीपत जिला सड़क सुरक्षा कमेटी और सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की बैठक जिला सचिवालय सभागार में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में 30 सूत्रीय एजेंडे पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। उपायुक्त ने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को उनके विभाग से जुड़ी समस्याओं व जरूरतों पर शीघ्रता से कार्य करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि शहर को साफ सुथरा व दुर्घटनाओं से मुक्त बनाना ही उनका लक्ष्य है। बारिश के मौसम में कही भी पानी व जमावड़ा न हो इसको लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को और तेजी से कार्य करना होगा। उपायुक्त ने कहा कि आवारा पशुओं के गले में बैल्ट लगानी होगी और संभावित स्थानों पर टेप लगाना सुनिश्चित करना होगा ताकि सड़क दुर्घटनाओं की संख्या को कम किया जा सके जा सके। वहीं, निगम अधिकारियों को मलिक पेट्रोल पम्प से महाराजा अग्रसेन चौक तक यातायात दुरूस्त करने के निर्देश दिए। जबकि एनएच-44 निकट चांदनी बाग सड़क को मुरम्मत करवाने, गोहाना रोड से रेलवे लाइन तक रोड बनाने, गांव कुराड़ तक सडक को ठीक करने, ऊपरगामी पुल पर बरसाती पानी की निकासी के लिए पाइप लगाने के भी निर्देश दिए।



**पानीपत।** जिला सचिवालय में बैठक करते हुए प्रशासनिक व पुलिस अधिकारीगण।

### अवैध कट बंद कराने के निर्देश दिए

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह बैठक में कहा कि हाईवे के आसपास और एनएच-44 और एनएच-709 के नजदीक अवैध फूड, चाय के स्टॉल को अधिकारी तत्काल हटाना सुनिश्चित करें। जीटी रोड पर एनएच-44 पर प्रेम नर्सिंग संस्थान बडौली के सामने अवैध कट बंद कराने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत बच्चों को ले जाने वाली बसों की सुरक्षा की व्यवस्था पर संज्ञान लेने, टोईंग वैन खरीदने और पुरानी टोईंग वैन की मुरम्मत करवाने के निर्देश दिए।


## प्राध्यापकों के साथ-साथ विद्यार्थियों ने भी हवन में आहुति डालकर सभी के लिए मंगलकामना की

# आर्य कॉलेज का यज्ञ के साथ नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ

- विद्यार्थियों व प्राध्यपकों को नए सत्र 2025-26 की शुभकामनाएं दी

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

आर्य पीजी कॉलेज में नए सत्र 2025-26 की शुरूआत मन्त्रोंचारण के साथ हुई। इस अवसर पर महाविद्यालय की यज्ञशाला में हवन का आयोजन किया गया। आर्य कॉलेज प्रबंधक समिति के वरिष्ठ सदस्य विरेंद्र शिगंला, कोषाध्यक्ष पीयूष आर्य प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता, आर्य समाज बड़ा बाजार के आचार्य हिमांशु शास्त्री व प्राध्यापकों के साथ-साथ विद्यार्थियों ने भी हवन में आहुति डालकर सभी के लिए मंगलकामना करते हुए नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत की। आर्य कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान सुरेंद्र शिंगला, महासचिव सीए कमल किशोर, कोषाध्यक्ष पीयूष आर्य समेत पूरी प्रबंधन समिति ने पूरे आर्य कॉलेज परिवार को नए सत्र की शुरूआत पर बधाई दी व सभी के लिए मंगलकामना करते हुए अपना शुभकामना संदेश भेजा। प्रबंधक समिति के पदाधिकारियां ने सीए कमल किशोर ने अपने शुभ संदेश में नए आए विद्यार्थियों को नए सत्र के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की, साथ ही उन्होंने कहा कि आर्य कॉलेज में विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी दिए जाते हैं ताकि ये विद्यार्थी आगे चलकर समाज में अच्छे इंसान बनने के साथ-साथ जागरूक समाज का भी निर्माण कर सके। इधर, प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने सभी विद्यार्थियों व प्राध्यपकों को नए सत्र 2025-26 की शुभकामनाएं दी और उन्होंने कहा कि ये सत्र आप सभी के जीवन में बहुत सी नई खुशियां लेकर आए। इस नए सत्र में नए आए विद्यार्थियों के साथ-साथ दवितिय व तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को भी नये संकल्प लेने होंगे और खुद के अंदर जो कमियां हैं उन्हें दूर करना होगा, व हर समय कुछ नया सीखने का प्रयास भी करते रहना होगा।


**पानीपत।** आर्य कॉलेज में नव शिक्षा सत्र पर यज्ञ करते हुए डॉ जगदीश गुप्ता आदि।

### हवन के महत्व के बारे में अवगत करवाया

डॉ. गुप्ता ने हवन के महत्व के बारे में अवगत करवाया। वहीं, नए सत्र से नए बने साइंस ब्लॉक का भी शुभारंभ किया गया। साइंस ब्लॉक में अत्याधुनिक अल्ट्रा मॉडल लैबों का निर्माण करवाया गया है जिनमें नवीनतम प्रयोगशाला उपकरण मंगवाए गए हैं। इस अवसर पर कॉलेज की उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह, प्राध्यापिका मिनाक्षी चौधरी, डॉ. सोनिया सोनी, आस्था गुप्ता, प्रो. उमेद सिंह समेत कॉलेज के सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## पुलिस ने कातिलाना हमलावर पकड़े

- सातों आरोपियों को कोर्ट से तीन दिन के रिमांड पर लिया

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने गांव राक्सेहडा में मिठाई की दुकान व घर में घुसकर जांनलेवा हमला करने के सात आरोपियों राक्सेहडा निवासी रोहित, गांव चुलकाना निवासी गौरव व अनुज, समालखा कृष्णा कॉलोनी निवासी शक्ति व समीर, शास्त्री कॉलोनी निवासी अनिल व गांव मनाना निवासी राहुल को गिरफ्तार किया है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि सातों आरोपियों को कोर्ट से तीन दिन के रिमांड पर लिया है। वहीं, इस मामले में थाना समालखा की हथवाला चौकी में गांव राक्सेडा निवासी भीम सिंह की शिकायत पर केस दर्ज है।

## खबर संक्षेप




बराड़ा। कैंप में बच्चों के दांतों की जांच करते डॉक्टर व मौजूद क्लब सदस्य।

### 400 छात्रों के दांतों की बीमारियों का किया उपचार

**बराड़ा।** रोटरी क्लब द्वारा मानव स्वास्थ्य के प्रति अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता को निभाते हुए आर्य पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में चिकित्सकों की टीम ने विद्यालय के 400 से अधिक बच्चों के दांतों की जांच की।शिविर में डॉक्टर सुपिंदर कौर और डॉक्टर आरती की टीम ने बच्चों के मौखिक स्वास्थ्य की गहन जांच की। उन्हें दांतों की सफाई तथा दंत रोगों से बचाव के लिए जरूरी उपाय भी बताए।

### युवक को बाइक सहित किया काबू

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ के हरियाली ढाबा के पास से पुलिस ने बिना नंबर प्लेट की चोरी की गई मोटरसाइकिल के मामले में आरोपी समीर को गिरफ्तार किया है। सीआईए-नारायणगढ़ के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर सवार होकर हरियाली ढाबे के पास से गुजरेगा। पुलिस ने सूचना उपरांत नाकाबंदी कर आरोपी मोटरसाइकिल चालक को काबू किया। जांच के दौरान आरोपी बाइक की आरसी से जुड़ा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। इसी आधार पर उसके के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

### स्नेचिंग के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज स्नेचिंग के मामले में पुलिस ने आरोपी सुमित कुमार को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता ललन कुमार ने 28 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव मोहड़ा के पास से मोटरसाइकिल सवार आरोपी ने उससे मोबाइल छीन लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज सरिया चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी सोहन लाल को गिरफ्तार किया है। दिल्ली के रहने वाले विनोद कुमार ने 28 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि कंपनी की साइट यूनिहोम अंबाला सेक्टर-16 नजदीक राधा स्वामी सत्संग मनमोहन नगर से सरिया चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### स्कूल में मनाया गया टाइगर डे

**अंबाला।** अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के नर्सरी विंग में इंटरनैशनल टाइगर डे मनाया गया। इंटरनेशनल टाइगर डे मनाया गया। हर साल 29 जुलाई को यह डे मनाया जाता है। इसका उद्देश्य है कि विश्व में जो टाइगर की प्रजाति विलुप्त हो रही है उसको कैसे बचाया जाए। इस कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए बच्चों के लिए ग्रीन कलर के दुपट्टों का प्रयोग करके टनल बनाई गई।

## खिलाड़ियों को अब मिलेगी शानदार सुविधा

# राजीव गांधी खेल स्टेडियम में 7 करोड़ से बनेगा सिंथेटिक ट्रैक



- पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल बोले सीएम नायब सैनी ने अंबाला शहर विस के विकास के लिए 456 करोड़ की योजनाओं का खोला पिटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

तीज उत्सव पर सीएम नायब सैनी की ओर से अंबाला शहर विधानसभा के विकास के लिए मिली सौगात पर पूर्व मंत्री असीम गोयल ने उनका आभार जताया है। गोयल ने बताया कि सीएम ने उनके आग्रह पर अंबाला शहर के विकास के लिए लगभग 456 करोड़ रूपये विकास योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प की तरह ही मुख्यमंत्री विकसित हरियाणा का संकल्प लेकर दिन रात कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंबाला शहर के साथ मुख्यमंत्री नायब सैनी का पुराना रिश्ता है। यहां की एक एक गली से वे वाकिफ हैं। यहां की जनता और जरूरतों को भी सीएम अच्छे से जानते हैं। ऐसे में शहर विधानसभा के लिए की गई सैंकड़ों करोड़ रूपये की घोषणाओं के लिए पूरा क्षेत्र अंबाला के बेटे का हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में पूरा प्रदेश विकास के पथ पर तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। पूर्व राज्य मंत्री की मांग पर मुख्यमंत्री ने न सिर्फ शहरी क्षेत्र बल्कि ग्रामीण आंचल के लिए भी दिल खोलकर घोषणाएं की।

#### ये होंगे विकास कार्य

*सीएम ने अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में सेक्टर 10 राजीव गांधी खेल परिसर में सिंथेटिक ट्रैक (अनुमानित लागत लगभग 7 करोड़),शहर के सेक्टर 23 में नए फायर स्टेशन का निर्माण*



*(अनुमानित लागत लगभग 5 करोड़),नग्गल पीएचसी में नया ब्लॉक बनाने के लिए 4 करोड़,डॉक्टरों के आवास के लिए 20 करोड़ रूपये,सेक्टर 24 में 9 एमएलडी का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाने के लिए 40 करोड़,नन्यौला माइनर का सुदृढ़ीकरण 2 करोड़, अंबाला शहर ड्रेन मनमोहन नगर के हिस्से को पक्का करने के लिए 10 करोड़, एसवाईएल की रिपेयर के लिए 60 करोड़,मॉडल टाउन ड्रेन को पक्का करने के लिए 35 करोड़,गांव कांवला में 2 एमएलडी के एसटीपी के लिए 1 करोड़ 61 लाख,उपायुक्त कार्यालय में जलभराव की समस्या से निजात के लिए स्टॉर्म वाटर डिस्पोजल निर्माण के लिए 1 करोड़ 50 लाख,जल वितरण योजना विस्तारीकरण के लिए 145 करोड़,ओल्ड दिल्ली रोड़ नाले को पक्का करने के लिए 12 करोड़,पीडब्ल्यूडी विभाग की 91.45 किलोमीटर की 56 सड़कों की रिपेयर,53 अन्य सड़कों के नवीनीकरण लिए 45 करोड़ 25 लाख,6 सड़कों की स्पेशल रिपेयर के लिए 11 करोड़ 1 लाख,मटेहड़ी शेखां से नन्यौला रोड़ को चौड़ा करने के लिए 42 करोड़,ओल्ड एनएच 65 की सड़क के कुछ किलोमीटर के हिस्से के सुदृढ़ीकरण के लिए 8 करोड़ व शहर विधानसभा के गांवों के विकास के लिए अतिरिक्त 5 करोड़ रूपये देने की घोषणा की। इसके अलावा शहर की मोटर मार्केट को भूमि की उपलब्धता के अनुसार शिफ्ट करने और धूलकोट परिसर में कर्मचारियों के लिए आवासीय क्वार्टरों का निर्माण भूमि की उपलब्धता के अनुसार किए जाने को भी मुख्यमंत्री ने मंजूरी दी।*

# डेढ़ घंटे की बरसात में पानी पानी हुआ अंबाला छावनी



अंबाला। बरसात की वजह से एक रिहायशी कॉलोनी में जमा पानी का दृश्य।

- नगर परिषद के दावों की पोल खुली
- निचली कॉलोनियों में जलभराव होने से लोगों को भारी दिक्कतों का करना पड़ा सामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

महज डेढ़ घंटे की बरसात ने एक बार फिर नगर परिषद के दावों की पोल खोल कर रख दी। बरसात की वजह से मंगलवार को अंबाला छावनी की ज्यादातर रिहायशी कॉलोनियों में जलभराव हो गया। इसकी वजह से राहगीरों को बेहद दिक्कतें हुई। जलभराव की परवाह किए बिना ही लोग पानी से होकर गुजरते रहे। सबसे बड़ी परेशानी निचले क्षेत्र के लोगों को झेलनी पड़ी, जहां एक से दो फुट तक पानी भर गया। बारिश के कारण सड़कों पर भी जाम की स्थिति रही। अंबाला-साहा हाईवे की सर्विस लेन भी जलमग्न हो गई, जबकि सुभाष पार्क के सामने की सड़कों पर भी जलभराव हो गया। इसके अलावा महेशनगर थाना, पंजाबी बाग, पालम विहार, एकता विहार, गोबिंद नगर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सहित दर्जनों ऐसे क्षेत्र थे, जहां पानी के कारण स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि बारिश रुकते ही नगर परिषद के सफाई कर्मचारी नालियों को साफ करने में जुट गए थे। इससे पहले

सुबह घने बादल छाने से मौसम सुहावना हो गया था। बादल छाने से ठंडी हवा चलने से एसी व कूलर भी बंद हो गए। सुबह 9 बजे बारिश शुरू हुई। करीब आधे घंटे तक बारिश होने से मौसम में ठंडक आ गई। बारिश होने से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। जिले में सुबह साढ़े आठ बजे तक 4.1 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। बारिश होने से लोगों को अपने कार्यों के लिए जाने में भी दिक्कत आई। मौसम विभाग के अनुसार 31 जुलाई तक निरंतर बारिश होने के आसार हैं।

# प्राकृतिक तरीके से कई बीमारियों का चिकित्सकों ने किया उपचार

- एमडीएसडी कॉलेज में श्री सनातन धर्म आरोग्य केंद्र की ओर से चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। शिविर में आए चिकित्सकों को पौधा देकर सम्मानित करते प्रबंधन कमेटी के पदाधिकारी।

अंबाला शहर के एमडीएसडी कॉलेज में रेडक्रॉस और रेड रिबन क्लब के द्वारा श्री सनातन धर्म आरोग्य केंद्र की ओर से ओर एसएम वक्ता जीवन जागृति ट्रस्ट के सहयोग से प्राकृतिक चिकित्सा निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पैरालाइसिस, सर्वाइकल, कमर दर्द, घुटनों एवं नसों में दर्द और सभी बीमारियों का इलाज किया गया। यह शिविर का आयोजन प्रांत 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया गया। डॉ. हरिंदर पाल सिंह ने इस निशुल्क शिविर में अपनी सेवाएं प्रदान की। इस शिविर में लगभग 100 लोगों ने सेवाएं ली।शिविर कॉलेज के प्रधान अरविंद अग्रवाल जी और कोषाध्यक्ष अनित बिंदल के अथक प्रयासों द्वारा लगाया गया। कॉलेज मैनेजमेंट के द्वारा श्री सनातन धर्म आरोग्य केंद्र की स्थापना की गई थी। इस केंद्र में बहुत सी आधुनिक मशीनें और सुविधाएं उपलब्ध है। इस केंद्र में एक्यूप्रेशर से भी इलाज किया जाता है।जिसमें हीटिंग मैट, फुट एंड लेग मसाजर, फुल बॉडी मसाज मशीन, स्टीम बॉथ, जकूजी बॉथ और अनिमा की सुविधा भी उपलब्ध है।

# एचटैट में 12 हजार से ज्यादा परीक्षार्थी लेंगे हिस्सेदारी

- जिला परिषद के सीईओ ने अधिकारियों को दिए जरुरी निर्देश, कहा नकल रहित पारदर्शी तरीके से परीक्षा होनी चाहिए आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। परीक्षा को लेकर तैयारियों की समीक्षा करते सीईओ गगनदीप सिंह।

सीईओ जिला परिषद गगनदीप सिंह ने बताया कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (लेवल-1, 2 व 3) का आयोजन 30 को होगा। 30 को होने वाले इस परीक्षा के लिए 12 व 31 जुलाई के लिए 20 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इस परीक्षा में 12118 परीक्षार्थी हिस्सेदारी करेंगे। सीईओ मंगलवार को एसडीएम कार्यालय के प्रथम तल पर स्थित एनआईसी के सभागार में ड्यूटी मजिस्ट्रेट व सेंटर अधीक्षकों के साथ परीक्षा के दृष्टिगत की गई तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे । इस मौके पर उनके साथ एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम विनेश कुमार, नगराधीश अभिषेक गर्ग के साथ-साथ हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से अधीक्षक अशोक कुमार, सहायक अधीक्षक राकेश कुमार व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। सीईओ ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा परीक्षा को नकल रहित व पारदर्शी तरीके से करवाने को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने इस मौके पर सभी सेंटर अधीक्षकों को कहा कि परीक्षा से पहले वह अपनी ड्यूटी से संबंधित सेंटरों का जायजा लेना सुनिश्चित करें। इसके साथ-साथ फ्रीक्सिंग टीमें, सीसीटीवी कैमरे, जैमर व वीडियोग्राफी करवाना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा के दौरान किसी को भी परेशानी का सामना न करना पड़े। सीईओ ने बताया कि 30 जुलाई को हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा लेवल-3 दोपहर बाद सांय 3 बजे से 5.30 बजे तक आयोजित होगी। इस परीक्षा के लिए 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें 3708 परीक्षार्थी हिस्सेदारी करेंगे। उन्होंने बताया कि 31 जुलाई को लेवल- 2 के तहत प्रातः 10 से दोपहर 12.30 बजे तक परीक्षा आयोजित होगी। इस परीक्षा के लिए 20 सेंटर बनाए गए हैं जिनमें 6106 परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि इसी दिन यानी 31 जुलाई को लेवल-1 के तहत परीक्षा का आयोजन होगा। यह परीक्षा दोपहर बाद 3 बजे से 5.30 बजे तक आयोजित होगी। इस परीक्षा के लिए 8 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिनमें 2304 परीक्षार्थी पहुंचेंगे ।

# कारगिल विजय दिवस पर छात्रों ने शहीद सैनिकों को किया नमन

- डीएवी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम, शहीदों की विधवाओं के समपर्ण को भी किया गया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




अंबाला। कारगिल विजय दिवस पर एकजुट छात्र व शिक्षक।

अंबाला शहर के डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल में मंगलवार को कारगिल विजय दिवस अत्यंत श्रद्धा, सम्मान और देशभक्ति के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम हिंदी विभाग के सौजन्य से आयोजित किया गया। 26 जुलाई को विद्यालय परीक्षा केंद्र घोषित होने के कारण अवकाश रहा था।

कार्यक्रम की शुरुआत में मोमबत्तियां जलाकर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करके की गई। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने देशभक्ति कविताएं, प्रेरणादायक प्रसंग, वीरगाथाएं तथा वन एक्ट प्ले के माध्यम से कारगिल युद्ध के अमर शहीदों की शौर्यगाथा को सजीव रूप में प्रस्तुत किया।

उनके बलिदान, पराक्रम और अनुशासन से ओतप्रोत प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थितों के हृदय को गहराई से स्पर्श किया। इस आयोजन को विशेष रूप से सफल बनाने में हिंदी विभाग की शिक्षिकाओं माधुरी शर्मा, सुमन शर्मा, हरदीप कौर तथा अन्य हिंदी विभाग के शिक्षकों का योगदान उल्लेखनीय रहा। संगीत विभाग के आरती व मनजीत कौर द्वारा निर्देशित राष्ट्रभक्ति गीतों ने माहौल को भावविभोर कर दिया। मंच संचालन विद्यार्थियों द्वारा अत्यंत आत्मविश्वासपूर्वक किया गया, जिसे दर्शकों की भरपूर तालियों ने सराहा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. राधा रमन सूरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि /"कारगिल विजय केवल एक युद्ध की जीत नहीं, बल्कि भारतीय सेना की अदम्य वीरता, अटूट संकल्प और मातृभूमि के प्रति असीम समर्पण का प्रतीक है। हमें अपने सैनिकों के बलिदान से प्रेरणा लेते हुए न केवल अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए बल्कि देश सेवा की भावना को जीवन का ध्येय बनाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय सेना, नौसेना, वायुसेना तथा सिविल सेवाओं में सम्मिलित होकर देश सेवा हेतु प्रेरित किया और ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने की आवश्यकता पर बल दिया।

# लोकगीतों पर जमकर थिरकीं छात्राएं

- हरियाली तीज पर दी शानदार प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



बराड़ा। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली छात्राएं व उपस्थित स्टाफ़।

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में हरियाली तीज का पर्व पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक समृद्धि के साथ मनाया गया। इस भव्य आयोजन का नेतृत्व कॉलेज की प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क ने किया जबकि कार्यक्रम की संयोजक डॉ. नवनीत कौर और सदस्य डॉ. सीमा सैनी रहीं।

प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क ने कहा कि हरियाली तीज का धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से विशेष महत्व है। यह पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के पुनर्मिलन का प्रतीक माना जाता है। डॉ. नवनीत कौर ने इसे प्रकृति के नवजीवन और हरियाली के उत्सव के रूप में भी रेखांकित किया।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने पारंपरिक परिधानों में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। लोकगीतों, नृत्य और झूले जैसे परंपरागत कार्यक्रमों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉ. सुषमा के निर्देशन में कॉस्मेटोलॉजी विभाग की छात्राओं ने मेहंदी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।मेहंदी प्रतियोगिता में सानिया परवीन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मुस्कान द्वितीय और तान्या तृतीय स्थान पर रहीं। विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रोफेसरों को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया।

# सरदार अमरजीत सिंह कोहली की पुण्यतिथि पर आयोजित होंगे नि:शुल्क त्वचा रोग शिविर

- प्रसिद्ध त्वचा रोग विशेषज्ञ डाक्टर मनदीप सिंह कोहली मरीजों को त्वचा रोग एवं बालों से जुड़ी बीमारियों के बारे में निशुल्क परामर्श देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



प्रसिद्ध त्वचा रोग विशेषज्ञ डाक्टर मनदीप सिंह कोहली की ओर से 2 अगस्त और 3 अगस्त को लगातार दो दिन निशुल्क त्वचा रोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। अंबाला शहर व अंबाला छावनी में आयोजित होने वाले इस शिविर में मरीजों को त्वचा के साथ-साथ बालों से जुड़ी बीमारियों के बारे में परामर्श देंगे। डाक्टर मनदीप सिंह कोहली ने बताया कि इन शिविरों का आयोजन उनके पिता स्वर्गीय अमरजीत सिंह कोहली की पुण्यतिथि पर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 2 अगस्त दिन शनिवार को निशुल्क त्वचा रोग शिविर अंबाला कैंट के डीसी रोड 746 स्थित कोहली स्किन केयर सेंटर पर दोपहर 3.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जबकि 3 अगस्त दिन रविवार सुबह 9.30 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक शिविर का आयोजन अंबाला शहर में अंबाला क्लब के सामने इंको के पास अमृत नगर में क्लीनिक में होगा। उन्होंने बताया कि मानवता को समर्पित इन शिविरों के जरिए वे त्वचा व बालों की विभिन्न बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को राहत देने का प्रयास करेंगे।

## लोटे में नमक डालकर नशा न करने की ली शपथ

# स्लम बस्तियों में चलाया नशे के खिलाफ जागरुकता अभियान

- हरियाणा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा बोले पुलिस कर रही है नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। लोटे में नमक डलवाकर नशा न करने का संकल्प लेते लोग।

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के दौरान मंगलवार को अंबाला छावनी की खटीक मंडी और बाल्मीकि बस्ती तथा अंबाला शहर की डेहा बस्ती विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा के नेतृत्व में उप निरीक्षक संदीप कुमार और सहायक उप निरीक्षक फूल कुमार ने भी कार्यक्रम में हिस्सेदारी की। खटीक मंडी धर्मशाला प्रधान श्रवण कुमार की उपस्थिति में खटीक मंडी और बाल्मीकि बस्ती लोगों को एकत्रित किया गया। तीसरे स्थान पर शहर में स्थित देहा बस्ती में भी लोगों को एकत्रित कर नशे के खिलाफ जागरुक किया गया।

तीनों स्थानों पर मुख्यालय से आए जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि ये बस्तियां हॉट स्पॉट के रूप में चिह्नित हैं। नशे का व्यापार कतई स्वीकार नहीं होगा। लोगों को अपनी सोच बदलने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसीलिए इस बस्ती में आकर लोगों को समझाने का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि नशा न केवल मनुष्य के शरीर के लिए हानिकारक है अपितु मस्तिष्क के लिए घातक है। नशा बेचकर रुपया कमाना न केवल पाप है अपितु ऐसे व्यक्ति अपने परिवार को विष पान करा रहे हैं। नारकोटिक्स एक्ट के अंतर्गत प्रतिबंधित मादक पदार्थ और औषधियां रखना सेवन करना क्रय विक्रय करना अपराध है। ये अपराध न केवल दंडनीय हैं अपितु बहिष्कृत भी हैं। उन्होंने बताया कि ब्यूरो द्वारा वर्ष 2023 में 3823 अभियोग अंकित कर 5930 अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जा चूका है। जबकि वर्ष 2024 में 3330 अभियोगों में 5328 नशा तस्करों को सलाखों का मार्ग दिखाया गया है। इस वर्ष जनवरी से जून तक 1858 अभियोग अंकित करके 3051 अपराधियों को कारागार तक पहुंचाया गया है। इस वर्ष नशा तस्करी में संलिप्त 87 लाख की संपत्ति जब्त की गयी है।कार्यक्रम में विशेष रूप से नमक लोटा अभियान चलाया गया जिसमें लोगों ने स्वेच्छा से लोटे में नमक डालकर किसी प्रकार का नशा न करने और न बेचने की शपथ ली। वर्मा ने साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए कुरुक्षेत्र से अंबाला पहुंचे हुए थे।